THE MEHTA GROUP

Snowcem PAINTS
TRUE COLOURS OF LIFE

अंक 01
जनवरी 2026

# स्नोसेम न्यूज़

**बुलेटिन**
सीईओ का संदेश – आंतरिक आवरण पृष्ठ

**मुख्य झलकियाँ**
स्नोसेम की कहानी ... पेज 01

**उत्कृष्टता**
अनुसंधान एवं विकास की पहचान ... पेज 02



# सीईओ की ओर से संदेश

## मूल्यों में रची-बसी सोच, प्रगति करने की दृष्टि

प्रिय चैनल पार्टनर,

आपका 'स्नोसेम न्यूज' नामक हमारे त्रैमासिक न्यूज़लेटर के पहले अंक में स्वागत करते हुए मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। यह हमारे लिए केवल एक प्रकाशन नहीं है, बल्कि हर क्षेत्र के बाज़ार में स्नोसेम को आगे बढ़ाने वाले आप सभी लोगों से संवाद बढ़ाने का महत्त्वपूर्ण प्रयास है।

स्नोसेम की हरेक बकेट की बिक्री के पीछे, हरेक ग्राहक को दी गई उचित सलाह के पीछे और स्नोसेम पेंट से रंगी हरेक दीवार के पीछे आपकी मेहनत और समर्पण है। आप का भरोसा, आप की रोज़मर्रा की मेहनत और हमारे ब्रांड में आपके द्वारा रखा गया विश्वास ही हमें आज इस मुकाम तक ले आये हैं। इसके लिए मैं हृदयपूर्वक आपका धन्यवाद करता हूँ।

यह न्यूज़लेटर हमारे इसी रिश्ते को और मज़बूत करने का एक छोटा-सा प्रयास है। यह मंच हमने आपकी उपलब्धियों को सराहने के लिए, स्नोसेम परिवार में हो रही गतिविधियों को साझा करने के लिए और हम सभी को आगे बढ़ाने वाले विचार, नवप्रवर्तन (Innovation) और कहानियों को आप तक पहुंचाने के लिए तैयार किया है। इस न्यूज़लेटर के प्रत्येक अंक में हम ऐसे लेख प्रस्तुत करने की कोशिश करेंगे जो आपके लिए उपयोगी, प्रेरणादायक और विशेष रूप से व्यक्तिगत हो।

मैं यह कहना चाहता हूँ कि स्नोसेम की यात्रा में हम सभी को साथ लेकर चलतें हैं और आगे भी चलतें रहेंगें। आपकी प्रगति हमारी प्रगति है। आपकी सफलता हमारा गौरव है। हम साथ मिलकर रिश्ते मज़बूत बनाते हुए और भरोसा बढ़ाते हुए भविष्य में कई नई उपलब्धियाँ हासिल करते रहेंगें।

इस सफ़र में हमारे साथ कदम से कदम मिलाकर चलने के लिए धन्यवाद। आने वाले समय में इस न्यूज़लेटर के माध्यम से और भी सार्थक संवाद होंगे तथा हम निरंतर सफलता की नई ऊँचाइयों को छूते रहेंगे।



सादर,
**श्री सुरेंदर भाटिया**
सीईओ, स्नोसेम पेंट्स,
सौराष्ट्र सीमेंट का विभाग

अनुक्रमणिका


स्नोसेम का इतिहास ... 01
उल्लेखनीय सफ़र

जहाँ रिसर्च के साथ जुड़ा है भरोसा ... 02
गुणवत्ता बनाए रखने का स्नोसेम का वादा

स्नोसेम लॉयल्टी प्रोग्राम ... 03
प्रगति को गति देने वाली साझेदारी

ब्रांड और व्यवसाय को जोड़ना ... 04
चाय पे चरचा


प्रमुख परियोजनाएँ ... 05
उत्पादों की उत्कृष्टता

पार्टनर पल्स ... 06
साथ मिलकर सुचारु रूप से भविष्य का निर्माण

पेंट से जुड़े ... 08
दुनिया भर के रोचक तथ्य

पहेलियाँ – फ़न ज़ोन ... 09
मनोरंजन का कोना

# भरोसे, मजबूती और इनोवेशन पर आधारित यात्रा और विरासत




**सीमेंट पेंट के अग्रदूत होने से लेकर एक भरोसेमंद भारतीय ब्रांड बनने तक का सफ़र**

स्नोसेम ने कई दशकों से कई महाद्वीपों में दूरदृष्टि, इनोवेशन और लचीलेपन के साथ कार्य किया है। यूनाइटेड किंगडम में एक विशेष एक्सटीरियर कोटिंग की आपूर्ति करने वाले विभाग के रूप में 1940 के दशक में यह यात्रा शुरू हुई थी। आज भारत के सबसे अधिक नामी पेंट ब्रांड्स में इस की गणना होती है। आज स्नोसेम पर आर्किटेक्ट्स, इंजीनियर्स, कॉन्ट्रैक्टर्स और घर बनाने वाले लाखों लोग भरोसा करते हैं।

Snowcem PAINTS TRUE COLOURS OF LIFE

# जहाँ रिसर्च के साथ जुड़ा है भरोसा
## स्नोसेम को गुणवत्तापूर्ण बनाने वाली बातें

स्नोसेम के सभी डीलर्स, पार्टनर्स और ग्राहक इस बात पर पूरी तरह सहमत हैं कि स्नोसेम हमेशा वादे के मुताबिक उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद देता है। इस कक्षा की उच्च गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए नेतृत्व के पास स्पष्ट लक्ष्य होना आवश्यक है। साथ ही समर्पित कर्मचारीगण और समय-समय पर विकसित की गई मज़बूत प्रक्रियाएँ ज़रूरी होती हैं। इस में स्नोसेम की रिसर्च एंड डेवलपमेंट (R&D) टीम की भूमिका बहुत अहम है।

स्नोसेम की सिन्नर (महाराष्ट्र), गोतान (राजस्थान) और गुम्मिडिपूंडी (तमिलनाडु) इन स्थानों पर कार्यरत सभी मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स में R&D टीम सक्रिय रूप से काम कर रही है। यह टीम उत्पादों की गुणवत्ता एक जैसी बनाए रखने, नए फ़ॉर्मूले तैयार करने, मौजूदा उत्पादों को बेहतर बनाने और काम करने के तरीक़ों को सुधारने का काम करती है, ताकि नुकसान कम हो और काम ज़्यादा अच्छे से हो सके।

स्नोसेम के उत्पादों के बारे में बात करते हुए, स्नोसेम पेंट्स के जनरल मैनेजर – मैन्युफैक्चरिंग, दिगंबर सिंह ने कहा, "स्नोसेम इंटीरियर और एक्सटीरियर—दोनों सतहों के लिए पेंट से जुड़ी सभी चीजों का निर्माण करता है। हम सही दाम पर अच्छी गुणवत्ता वाले पेंट्स की पूरी रेंज देते हैं। हमारे काम करने के तरीके सक्षम और भरोसेमंद हैं। हमें पर्यावरण की सुरक्षा के लिए ISO 14001, गुणवत्ता के लिए ISO 9001 और व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के लिए ISO 45001 जैसे प्रमाणपत्र प्रदान किये गये हैं, जो हमारी वचनबद्धता के प्रतीक हैं। साथ ही, हम CII की इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल (IGBC) के वार्षिक सदस्य भी हैं। इस सदस्यता के द्वारा हम हरित और सुरक्षित निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता दर्शाते हैं।"

लगातार किये जा रहे तकनीकी सुधारों पर बात करते हुए सिंह ने कहा,
"पेंट उद्योग के बेहतरीन मानकों के अनुरूप बने रहने के लिए हमारी R&D टीम ने वेट स्क्रब टेस्टर और ऑटोमैटिक फ़िल्म एप्लीकेटर जैसे आधुनिक उपकरण लिये हैं। इसके अलावा, हमने कोरॉब की नई स्मार्ट टिंटिंग मशीन भी लगाई है, जिससे रंगों की सटीकता बढ़ी है और काम की गति तेज़ हुई है। आज हमारे पास इंटीरियर और एक्सटीरियर पेंट्स के लिए लगभग 3 लाख शेड्स का डेटाबेस है, जिससे हमारी सेल्स और डीलर टीम को बाज़ार में तेज़ सपोर्ट मिल पाता है।"

बेहतर गुणवत्ता बनाए रखने के लिए एक निरंतर और अनुशासित प्रक्रिया आवश्यक होती है, जिसमें ग्राहकों की प्रतिक्रिया के मद्देनजर सुधारात्मक कदम उठाने पड़ते हैं। गुणवत्ता से जुड़ी शिकायतों का व्यवस्थित तरीके से विश्लेषण किया जाता है। इसके लिए सभी प्लांट्स में एक जैसे मास्टर बैच का उपयोग करने के अलावा कई और प्रक्रियाएँ अपनाई जाती हैं, ताकि गुणवत्ता हमेशा एक जैसी बनी रहे।



बाएं: (सफेद शर्ट में) श्री दिगंबर सिंह ( जनरल मैनेजर - मैन्युफैक्चरिंग )

मैन्युफैक्चरिंग, R&D और क्वालिटी एश्योरेंस के क्षेत्र में अपनी क्षमताओं को लगातार मज़बूत करते हुए, स्नोसेम का फोकस इनोवेशन, सस्टेनेबिलिटी और ग्राहक-केंद्रित उत्पादों पर बना हुआ है। यही वजह है कि पेंट उद्योग में स्नोसेम एक भरोसेमंद नाम है।



THE MEHTA GROUP

# वकिास और साझेदारी को बढ़ावा देना



हमारे डीलर्स दुबई में 'लॉयल्टी प्रोग्राम 2025' के दौरान

सौराष्ट्र सीमेंट लिमिटेड (पेंट डिवीजन) में हमारे डीलर सिर्फ व्यावसायिक सहयोगी नहीं हैं, बल्कि हमारी यशोगाथा की मजबूत नींव हैं। इसी भावना के साथ, हमने अंतरराष्ट्रीय मंच पर दुबई में 'लॉयल्टी प्रोग्राम 2025' का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया। हमारे साथ काम कर रहे सभी लोगों के समर्पण, उत्कृष्ट प्रदर्शन और दीर्घकालिक साझेदारी का यह उत्सव था।

इस वर्ष हमने उत्कृष्ट डीलरों के प्रति हमारी सच्ची सराहना दर्शाने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया था। इन डीलरों की निरंतर मेहनत और निष्ठा के कारण ही हमारी यात्रा आगे बढ़ी है। उनके योगदान ने न केवल हमारे ब्रांड की प्रतिष्ठा बढ़ाई है, बल्कि विभिन्न बाजारों में साथ मिलकर सफलता प्राप्त करने के नए मार्ग भी खोले हैं।

नवप्रवर्तन (इनोवेशन) और भव्यता के लिए प्रसिद्ध दुबई शहर इस आयोजन के लिए एक आदर्श स्थल साबित हुआ। आकर्षक प्रस्तुतियों, सार्थक संवादों, खुशी से भरे पलों और आपसी सौहार्द ने इस कार्यक्रम में चार चाँद लगा दियें। स्नोसेम पेंट्स और हमारे विश्वसनीय डीलर समुदाय के बीच जो घनिष्ठ और दीर्घकालिक संबंध है वे इस प्रकार के कार्यक्रम द्वारा प्रतिबिंबित होते है।

'लॉयल्टी प्रोग्राम 2025' केवल सम्मान देने तक सीमित नहीं था, बल्कि एकता एवं साथ मिलकर अपनी प्रगति के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने की भावना को अधिक मजबूत करने का अवसर भी था। इसी प्रकार के कार्य हमारी प्रगति को गति देते हैं। हमारे सहयोगियों का समर्पण हमें लगातार आगे बढ़ने, श्रेष्ठ गुणवत्ता वाले उत्पाद देने और बदलती बाजार में आवश्यकताओं को समझकर एक कदम आगे रहने के लिए प्रेरित करता है।

भविष्य में भी हम हमारे डीलर परिवार की सराहना करने के लिए एवं उन्हें प्रोत्साहन देने के लिए लॉयल्टी प्रोग्राम का आयोजन करते रहेंगें। इस का उद्देश्य उन्हें नई ऊँचाइयों को छूने में सहयोग देने का है। हम साथ मिलकर प्रगति, सहयोग और असीम अवसरों से भरी एक यशोगाथा का निर्माण करना चाहते हैं।

# ब्रांड और व्यवसाय को जोड़ना
## संबंध बनाना








### चाय पे चर्चा


कंपनी स्तर पर शुरू की गई चाय पे चर्चा नामक पहल के तहत, स्नोसेम की फील्ड टीमें प्रमुख डीलर्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स, कॉन्ट्रैक्टर्स और पेंटर्स से सीधे संपर्क में बनी रहती हैं। इस पहल के माध्यम से कंपनी अपने चैनल पार्टनर्स के लगातार मिल रहे सहयोग के लिए धन्यवाद प्रगट कर रही है।

हालाँकि, कंपनी शुरु से ही चैनल पार्टनर्स के साथ नजदीकी तौर पर संपर्क में रही है, लेकिन चाय पे चर्चा इस संबंध को एक कदम आगे ले जा रही है। इस पहल के जरिए कंपनी का नेतृत्व कर रहे अधिकारी फील्ड टीम के हरेक सदस्य को इस के लिए प्रोत्साहित कर रही है कि वे अपने क्षेत्र के सभी सहयोगियों से व्यक्तिगत रूप से मिलें और उन्हें बतायें की कार्य में अच्छा प्रदर्शन, सस्टेनेबिलिटी का ख्याल तथा सुंदरता में बढ़ोतरी और पर्यावरणीय जिम्मेदारी निभाने को लेकर स्नोसेम कितनी अधिक प्रतिबद्ध है।

इन बातचीतों के दौरान स्नोसेम उपयोगी सुझाव और फीडबैक भी जुटा रहा है, ताकि वह अपने पार्टनर्स को बेहतर सेवाएं दे सके और अंततः ग्राहकों को संतुष्टि दे सके।









# प्रमुख परियोजनाएँ
## जहां दूरदृष्टि कार्य से मिलती है




### राज्यपाल भवन, पुरी (ओडिशा)

स्नोसेम को हाल ही में ओडिशा के पुरी स्थित राज्यपाल भवन के पुनः रंग-रोगन का कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ। हमारे लिए यह गौरव की बात रही। यह परियोजना पुरी के साई ट्रेडर्स द्वारा स्नोसेम के प्रीमियम उत्पाद — स्नोक्रिल और डैम्प प्रोटेक्ट ड्यूल का उपयोग करके पूरी की गई। अपनी बेहतरीन गुणवत्ता और लंबे समय तक टिकाऊ प्रदर्शन के कारण चुने गए इन उत्पादों का उपयोग भवन की बाहरी दीवारों पर किया गया, जिससे इस प्रतिष्ठित भवन की सुरक्षा और सुंदरता दोनों में वृद्धि हुई।




### स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स – सिल्वर हिल्स पब्लिक स्कूल, कोझीकोड (केरल)

केरल के कोझीकोड स्थित सिल्वर हिल्स पब्लिक स्कूल के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का हाल ही में नवीनीकरण किया गया। इस दौरान स्कूल के बास्केटबॉल कोर्ट पर 'स्नोसेम सैंडटेक्स मैट फ्लोर कोट' का उपयोग किया गया। क्वार्ट्ज एग्रीगेट्स से तैयार यह वॉटर-बेस्ड ऐक्रेलिक इमल्शन पेंट टिकाऊ और फिसलन प्रतिरोधक मैट फिनिश प्रदान करता है, जो खेल के मैदानों के लिए आदर्श है। नवीनीकरण के बाद कोर्ट अब अधिक सुरक्षित और बेहतर हो गया है, और छात्र इस नयी सतह वाले मैदान में खेल का भरपूर आनंद ले रहे हैं।

# द पार्टनर पल्स
## साथ मिलकर सुचारु रूप से भविष्य का निर्माण



श्री हीरेनकुमार फोफालिया | श्री विपुलकुमार फोफालिया
अरिहंत पेंट्स, मुंबई, महाराष्ट्र

स्नोसेम पेंट्स से लगातार प्राप्त हो रहे उत्कृष्ट गुणवत्ता वाले उत्पादों और बेहतरीन सेवाओं के लिए हम आप की हार्दिक सराहना करते हैं।

एक डीलर के रूप में, हम आपके पेंट्स के टिकाऊपन, फिनिशिंग और प्रदर्शन से हमेशा प्रभावित रहे हैं, जिससे हम पर हमारे ग्राहकों का भरोसा बना हुआ है। हमारे उपभोक्ताओं से मिलने वाली प्रतिक्रिया अत्यंत सकारात्मक रही है, जो स्नोसेम पेंट्स द्वारा बनाए रखे गए उच्च गुणवत्ता मानकों का प्रमाण है।

इसके अलावा, हम आपकी टीम की प्रॉफेशनल कार्यप्रणाली, समय पर मिल रही डिलीवरी और कारगर आफ्टर-सेल्स सर्विस की भी प्रशंसा करना चाहते हैं। आपकी ओर से मिलने वाला सुचारु सहयोग और त्वरित सहायता हमारे कार्य को आसान बनाते हैं और हमें अपने ग्राहकों को बेहतर सेवा देने में मदद करते हैं।

हम स्नोसेम पेंट्स के साथ अपने व्यावसायिक संबंध को अत्यंत मूल्यवान मानते हैं और आने वाले वर्षों में अधिक साझा विकास और सफलता की आशा रखते हैं।

मैं वर्ष 2003 से पेंट व्यवसाय से जुड़ा हूँ और मुझे पिछले दो वर्षों से स्नोसेम परिवार का हिस्सा होने का मुझे गौरव है।

पहले इस व्यवसाय का संचालन मेरे पिताजी करते थे। उनके निधन के बाद मैंने यह जिम्मेदारी संभाली और उनके द्वारा बनाई गई मजबूत नींव पर आगे काम कर रहा हूँ।

स्नोसेम के उत्पाद बाजार में वाजिब दाम पर मिलते हैं और बहुत ही अच्छे हैं। इन में यूनिग्लॉस, ईज़ी 2 वॉश और वेलवेट फिनिश प्रमुख हैं। इसके प्राइमर भी उत्कृष्ट गुणवत्ता के हैं और बाजार में उनकी मांग अधिक है।

वर्षों तक कई ब्रांड्स के साथ काम करने के बाद, मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूँ कि स्नोसेम के उत्पाद पेंट उद्योग के सर्वश्रेष्ठ उत्पादों में से हैं। यदि मार्केटिंग और ब्रांडिंग पर और अधिक ध्यान दिया जाए, तो मुझे पूरा विश्वास है कि स्नोसेम बाजार में अग्रणी बन सकता है।

लोगों के सपनों के घरों में रंग भरने के अलावा, मुझे चाय की चुस्की लेते हुए दोस्तों के साथ बातचीत करना बेहद पसंद है।



श्री पलास दास
कलर मार्ट
कृष्णा नगर, पश्चिम बंगाल

# द पार्टनर पल्स

## साथ मिलकर सुचारु रूप से भविष्य का निर्माण



श्री अमरिक सिंह नेगी
अकाल कंस्ट्रक्शंस
ठाणे, महाराष्ट्र

मुझे इस बात की खुशी है कि मैं सिविल और पेंटिंग कॉन्ट्रैक्टिंग क्षेत्र में एक महत्त्वपूर्ण साझेदार के रूप में पिछले 34 वर्षों से अधिक समय से स्नोसेम पेंट्स के साथ जुड़ा हूँ। प्रबंधन में बदलाव के कारण कुछ समय का अंतराल आया था, लेकिन सौराष्ट्र सीमेंट द्वारा अधिग्रहण होने के बाद हमने स्नोसेम के साथ दोबारा सहयोग शुरू किया और आज हम अधिक उत्साह के साथ काम कर रहे हैं।

हमने स्नोसेम के उत्पादों को हमेशा बेहतरीन गुणवत्ता वाले, मजबूत और आकर्षक फिनिशिंग देने वालें पाया है। वे अन्य ब्रांड्स की तुलना में कहीं बेहतर है। सैंपलिंग और साइट प्रीव्यू के लिए कंपनी का सहयोग हमें प्रोजेक्ट हासिल करने में काफी मददगार साबित हुआ है। इसके साथ ही, स्नोसेम के पारदर्शी व्यावसायिक व्यवहार ने ब्रांड पर हमारा भरोसा और भी बढ़ाया है।

हाल ही में ठाणे स्थित ओम मनुस्मृति हाउसिंग सोसाइटी में पुनः रंगाई का कार्य हुआ है, जिस में स्नोसेम की उत्कृष्टता स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। इस सोसाइटी में हमने यूनिग्लॉस का उपयोग किया है। सोसाइटी के सदस्य पेंट की गुणवत्ता से पूरी तरह संतुष्ट हैं, जिससे स्नोसेम के उत्पादों पर हमारा विश्वास और गहरा हुआ है।

उत्कृष्ट गुणवत्ता और विशिष्ट सहयोग को देखते हुए, मैं भविष्य में भी स्नोसेम पेंट्स के साथ अपनी साझेदारी जारी रखना चाहता हूँ।

---

### हर त्यौहार में एक साथ





चैनल पार्टनर्स को क्रिसमस के उपलक्ष में उपहार

### क्षण जो मायने रखते हैं



चैनल पार्टनर्स के साथ जन्मदिन समारोह

# पेंट से जुड़े
# दुनिया भर के रोचक तथ्य

पेंट को अक्सर जितना सरल माना जाता है, वास्तव में वह उससे कहीं अधिक जटिल होता है। आज के समय में अच्छे पेंट को सही तरीके से मिलाना और लगाना रसायन विज्ञान की समझ मांगता है। इसके अलावा, प्रागैतिहासिक काल से ही पेंट ने दुनिया भर की विभिन्न संस्कृतियों में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यहां प्रस्तुत किये गये कम ज्ञात तथ्यों को जानने के पश्चात आप अगली बार किसी क्विज़ में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं या किसी सामाजिक कार्यक्रम में लोगों को प्रभावित कर सकते हैं।





1. सबसे पुरानी ज्ञात ऑयल पेंटिंग अफगानिस्तान में पाई गई है।
अफगानिस्तान की बामियान घाटी की गुफाओं में बनी बौद्ध विषयों वाली चित्रकारी लगभग 650 ईस्वी की मानी जाती है!

2. कई अफ्रीकी संस्कृतियों में चेहरे और शरीर पर पेंट सामाजिक स्थिति का संकेत देता है।
अफ्रीका के कई समुदायों में चेहरे और शरीर पर पेंट का उपयोग अनुष्ठानों के दौरान किया जाता है, जिससे उम्र (नूबा समुदाय), जीवन के एक चरण से दूसरे चरण में प्रवेश (अमा-खोसा और मसाई समुदाय), सामाजिक स्थिति (अमा-पोंडो समुदाय) या विवाह-प्रस्ताव/प्रेम संबंध (वोडाबे समुदाय) को दर्शाया जाता है।



3. हरे रंग के पेंट के सबसे अधिक शेड्स उपलब्ध होते हैं।
व्यावसायिक पेंट निर्माता आमतौर पर हरे रंग के अधिक शेड्स बनाते हैं, क्योंकि मानव आँख किसी भी अन्य रंग की तुलना में हरे रंग के अधिक शेड्स पहचान सकती है।



4. रंगों का मिश्रण करने की खोज प्लेटो द्वारा की गई थी ऐसा माना जाता है।
यह यूनानी दार्शनिक पहले व्यक्ति थे जिन्होंने यह समझा कि दो अलग-अलग रंगों को मिलाने से एक नया, तीसरा रंग बन सकता है।



5. पेंट को दोबारा इस्तेमाल (रीसाइकलिंग) किया जा सकता है।
रीसाइकल किए गए पेंट से नया वॉटर-बेस्ड पेंट बनाया जा सकता है, या एक ही किस्म के पुराने पेंट को मिलाकर नए रंग तैयार किए जा सकते हैं।

6. कभी पेंटिंग ओलंपिक खेल का हिस्सा थी।
ओलंपिक प्रतियोगिताओं के शुरुआती 40 वर्षों तक पेंटिंग, मूर्तिकला, वास्तुकला, साहित्य और संगीत जैसी कलाओं में भी पदक दिए जाते थे।



Snowcem
PAINTS
TRUE COLOURS OF LIFE

# पहेलियाँ

## सुडोकू

सुडोकू का सिर्फ़ एक ही आसान नियम होता है। हर पंक्ति (row) और हर कॉलम (column) में 1 से 9 तक की संख्या एक-एक बार आनी चाहिए। इसी तरह, हर 3×3 के बॉक्स में भी 1 से 9 तक की सभी संख्याएँ होनी चाहिए। यह एक तार्किक पहेली है, इसमें अनुमान लगाने की ज़रूरत नहीं होती।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | 3 | | 1 | | 8 |
| 9 | | 7 | 2 | 1 | | 3 | | 5 |
| | | | | | 5 | | | 9 |
| | | 6 | 8 | 9 | 1 | 4 | | |
| 8 | | | | | | | 7 | |
| 4 | | 2 | | | | 6 | | |
| | | 1 | 3 | | | 2 | 9 | 4 |
| | | | 1 | 5 | 7 | | | |
| 3 | | | 9 | | 4 | | | |

## पाथवर्ड्स

बीच में दिए गए रंगीन अक्षर से शुरुआत करें और एक-एक अक्षर ऊपर, नीचे, दाएँ या बाएँ चलते हुए (तिरछा नहीं) संदर्भ पुस्तकों के 14 प्रकार खोजें।

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| R | N | A | L | K | M | U | A | L | G | A |
| U | O | J | G | O | A | N | T | T | E | Z |
| T | I | Y | U | O | B | E | E | N | U | A |
| C | O | R | I | D | E | R | A | N | C | L |
| I | N | A | Y | H | P | A | C | N | O | S |
| D | R | I | D | I | **B** | R | O | A | N | A |
| C | E | O | R | B | O | G | R | D | C | L |
| A | C | T | Y | L | I | L | O | T | E | T |
| N | A | I | C | A | T | A | G | H | E | A |
| A | A | D | O | L | C | N | U | A | S | S |
| M | L | E | P | C | Y | E | E | U | R | U |

## मिसिंग लिंक

नीचे दी गई दो शब्दों की हर जोड़ी के बीच एक ऐसा शब्द छिपा है, जो दोनों शब्दों से जुड़ता है, (जैसे: FRONT – DOOR – MAT)। नीचे आने वाले छह उत्तरों के पहले अक्षर (ऊपर से नीचे पढ़ने पर) मिलकर एक मिठाई का नाम बताएँगे।

| | | |
|---|---|---|
| **BLUE** | - - - - - | **ACHE** |
| **WALK** | - - - - | **DUE** |
| **TRENCH** | - - - - | **PATH** |
| **DOG** | - - - - | **NET** |
| **GOLDEN** | - - - - - | **EYED** |
| **BOILED** | - - - | **TIMER** |

## वर्ड पिरामिड

पिरामिड के अंदर एक खंड से दूसरे खंड में जाते हुए 15 अक्षरों का एक शब्द या वाक्य बनाएँ।

आप हर खंड में सिर्फ़ एक बार ही जा सकते हैं और केवल दीवारों में बने रास्तों (खाली जगह) से ही आगे बढ़ सकते हैं। कोई भी अक्षर शुरुआत में लिया जा सकता है।




## ट्रेन ऑफ़ थॉट

नीचे दिए गए तीन संकेतों से एक ही शब्द तक पहुँचना है:

_ _ **E** _

1. a section;
2. a field;
3. part of a building with a specified function.

## हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 7 | 3 | 9 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 8 | 5 | 7 | 6 | 9 |
| 7 | 3 | 6 | 8 | 9 | 1 | 4 | 5 | 2 |
| 8 | 1 | 5 | 6 | 4 | 2 | 9 | 7 | 3 |
| 4 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 6 | 8 | 1 |
| 5 | 7 | 1 | 3 | 6 | 8 | 2 | 9 | 4 |
| 2 | 4 | 9 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 1 | 7 |

**PATHWORDS**
bibliography; directory; catalogue; encyclopedia; almanac; dictionary; journal; guidebook; manual; gazetteer; annual; concordance; thesaurus; atlas.

**MISSING LINK**
tooth; over; foot; fish; eagle; egg. Sweet: toffee.

**WORD PYRAMID**
Do The Locomotion.

**TRAIN OF THOUGHT**
Area.



THE MEHTA® GROUP

स्नोसेम न्यूज़ हमारे लिए सिर्फ़ एक न्यूज़लेटर नहीं है; इसके हर पन्ने पर हमारे कर्मचारी, पार्टनर, डीलर, कॉन्ट्रैक्टर और सहयोगी इन सभी लोगों की सोच और अनुभव झलकते हैं। ये वही लोग है, जो हमारी सफल यात्रा को आगे बढ़ाते हैं।

आपके अनुभव, आपके विचार और आपके दृष्टिकोण से की गई बातें हमें स्वयं को बेहतर तरीके से देखने, सीखते रहने और साथ-साथ मज़बूत बनने में मदद करते हैं।

आप द्वारा साझा की गई बातें और दिये गये सुझाव के दम पर ही हम बेहतर तरीके से संवाद कर सकते हैं, साथ मिलकर काम कर सकते है तथा एक संस्था के रूप में आगे बढ़ सकते हैं।

हम चाहते हैं कि आप इस बातचीत का सक्रिय हिस्सा बनें। अपने प्रतिभाव, सुधार के सुझाव, सफलता की कहानियाँ, तस्वीरें या ऐसे पल साझा करें जो सभी के लिए खुशी की बात हो। आपकी आवाज़ हमारे लिए महत्त्वपूर्ण है। आपकी भागीदारी से यह प्रकाशन और भी उपयोगी, प्रासंगिक और पूरे स्नोसेम परिवार की भावना को दर्शाने वाला बनता है।

आप अपने विचार हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं: snowcemnews@mehtagroup.com
आइए, साथ मिलकर निर्माण करते रहें, सीखते रहें और आगे बढ़ते रहें।

Snowcem PAINTS

HATHI® CEMENT | Sidhee® CEMENT

**कॉर्पोरेट कार्यालय:**
तीसरी मंज़िल, अग्रिमा बिज़नेस सेंटर,
एन. के. मेहता इंटरनेशनल हाउस,
178, बैकबे रिक्लेमेशन, बाबूभाई चिनाई मार्ग,
मुंबई – 400 020, महाराष्ट्र

**टोल फ्री:** 1800-891-3541
**ईमेल:** customercare.scl@snowcempaints.com

